सीएम हेल्पलाइन लगाने वालों को किया जा रहा परेशान

शिकायत कटवाने के लिए मिल रहीं हैं धमकियां

नवभारत न्यूज

गुनौर/पन्ना 3 दिसंबर। जनपद गुनौर अंतर्गत पंचायत विभाग के जिम्मेदार सचिव, सरपंच,रोजगार सहायक, एवं सब इंजीनियरों ने मिलकर जो अनियमितताएं की हैं सभी रिकॉर्ड ऑनलाइन होने के चलते की गई गड़बड़ियां किसी से छिपी नहीं है।

बनावटी बिलों पर बिना सामान के बिना काम के बिना दुकान के बिलों का भुगतान,बिना निर्माण के राशि आहरित प्रधानमंत्री आवासों में कमीशन पंचायतों में समय पर जनसुनवाई में भी सचिव का उपस्थित न होना आदि आदि पंचायत में घोर अनियमितताएं व्याप्त हैं इन्हीं अनियमितताओं की कभी कभार पंचायतों में पीड़ित व्यक्ति साहस करके शिकायत करते हैं तो लिखित शिकायतें तो कचरा की टोकरी में फेंक दी जाती हैं। किंतु सीएम हेल्पलाइन 181 में की गई शिकायत का निराकरण शिकायतकर्ता की संतुष्टि के बाद ही निराकृत करने के बाद ही शिकायत बंद करने का शासन का आदेश है। किंतु भृष्टाचारियों पर मेहरबान जिम्मेदार शासन के आदेशों की भी अवहेलना कर रहे हैं एवं जनपद सीईओ गुनौर द्वारा सूचना पत्र देकर शिकायत का निराकरण करने के लिए शिकायतकर्ता को जनपद बुलाया जाता है एवं शिकायतकर्ता की शिकायत पर बिना कार्रवाई के बिना समाधान किये शिकायत कटवाने की धमकियां पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा दी जा रही हैं। जो शासन एवं जनता दोनों के साथ सीधी गुंडागर्दी है। इस प्रकार के कई मामले हैं जिनकी शिकायत दबाव बनाकर अपनी गड़बड़ियों को छुपाने के लिए शिकायत कटवाने का दबाव पंचायत के सरपंच व कर्मचारियों द्वारा बनाया जाता है।

सांसद खेल उत्सव में गिरने से एक बालक हुआ घायल

नवभारत न्यूज

अजयगढ़/पन्ना 3 दिसंबर। अजयगढ़ में आज से सांसद खेल उत्सव प्रारंभ हुई जिसके मुख्य अतिथि नेता गणों ने पहुंचकर जयपाल स्टेडियम में विधिवत् उद्घाटन किया जिसमें नगर के स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया आज मुख्य रूप से खो खो और कबड्डी एवं दौड़ के खेल किए गए।

जिसमें अजयगढ़ के एक्सीलेंस स्कूल मॉडल स्कूल कन्या स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया दिनभर खेल चलते रहे जिसमें जिम्मेदार लोग मौजूद रहे सिर्फ स्कूल के कुछ शिक्षक छात्र-छात्राओं को लिए खेल मैदान में उपस्थित रहे। खेल मैदान में मॉडल स्कूल के छात्र खो खो खेल रहे थे तभी वहां अफर तफरी का माहौल बन गया मोहित यादव पिता अनंत राम यादव जो कक्षा दसवीं का छात्र था वह मॉडल स्कूल में पढ़ता था खेलते समय वह गिर गया और मौके पर बेहोश हो गया और उसके सीने में चोट आई किसी नेता ने उसे अस्पताल पहुंचाने की आवश्यकता नहीं समझी मॉडल स्कूल के पीटीआई खेल शिक्षक गजेंद्र सिंह यादव के द्वारा उसे अजयगढ़ अस्पताल पहुंचाया गया वहां पर उसके पिता अनंत राम यादव को भी सूचित किया गया और अनंत राम यादव तुरंत वहां पर पहुंच गए उन्होंने अस्पताल में बताया कि मैं अपने बच्चों को स्कूल छोड़कर आया था मुझे तो पता भी नहीं है कि मेरा बच्चा मोहित यादव सांसद खेल उत्सव में खेल खेलना है घायल को डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय पन्ना के लिए रेफर कर दिया गया।

उसे एंबुलेंस भी उपलब्ध नहीं हुई परिजन उसके निजी वाहन से जिला चिकित्सालय पन्ना ले गए आखिर इस संसद खेल उत्सव में जिम्मेदार लोग कौन हैं और छात्रों कि जिम्मेदारी शिक्षक पर है या सांसद खेल उत्सव करवाने वाले आयोजन की है।

मनौर में यातायात जागरुकता अभियान आयोजित

नवभारत न्यूज

पन्ना 3 दिसंबर। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना सिंह चैहान के दिशा निर्देशन में सूबेदार संजय सिंह जादौन के द्वारा यातायात स्टाफ के साथ शासकीय माध्यमिक शाला मनौर के छात्र /छात्राओ को यातायात नियमों के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए सड़क किनारे लगने वाले सांकेतिक चिन्हों, रोड साईन (आदेशात्मक, चेतावनी एवं सूचनात्मक),यातायात पुलिस द्वारा दिए जाने वाले सिग्नल, चैराहो पर लगे इलेक्ट्रानिक सिग्नल के विषय में अवगत कराया साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की वर्तमान स्थिति एवं कारणों के विषय में बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में हो रही बढ़ोत्तरी का प्रमुख कारण तेजगति गति से वाहन चलाना, नशे की हालत में वाहन चालन,उचित ब्रेकिंग डिस्टेन्स न रखना, गलत तरीके से ओवरटेक करना, बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट वाहन चलाना, मोबाइल पर बात करते वाहन चलाना, ओवर लोडिंग वाहन एवं खराब सड़के रोड एक्सीडेन्ट के लिए जिम्मेदार हैं इनसे बचने के लिए यातायात नियमों का पालन कर निर्धारित गति में वाहन चालन, हेलमेट, सीट बेल्ट जैसे इक्युमेण्ट का उपयोग करना चाहिए। सड़क दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति को तुरंत अस्पताल पहुंचाना चाहिए ताकि उसकी जान बच सके इसके लिए बच्चों को राह वीर योजना के बारे में भी बताया गया कि पीड़ित व्यक्ति की मदद करने पर शासन द्वारा 25000 रूपये का ईनाम भी दिया जाता है। बच्चों को राइट ऑफ वे के विषय में भी बताया गया। सड़क पर चलते समय हमें पहले आपातकालीन सेवाओ में संलग्न वाहनों जैसे एम्बुलेंस, फायरब्रिगेड को पहले जाने के लिए रास्ता देना चाहिए अगले क्रम में दिव्यांग व्यक्ति, पैदल व्यक्ति साइकिल चालक को पहले निकलने के लिए रास्ता देना चाहिए।

स्वामी विवेकानन्द महाविद्यालय में विश्व दिव्यांगजन दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

पन्ना 3 दिसंबर। आज दिनांक 03 दिसंबर को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर श्री राम शिक्षा प्रसार एवं ग्रामीण विकास समाजोत्थान समिति द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय पन्ना में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन में मुख्य अतिथि श्रीमति मीना राजे परमार अध्यक्ष जिला पंचायत पन्ना एवं अजय कुमार गुप्ता, एवं तरुण पाठक के विशिष्ठ आतिथ्य में सम्पन्न किया गया।

विश्व दिव्यांग दिवस की थीम - समाजिक प्रगति को दम बढ़ाने के लिए विकलांगता समावेशी समाजो को बढ़ावा देना था। नगर के गणमान्य अतिथि डॉ प्रमोद श्रीवास्तव, जयपाल सिंह परमार, राज नारायण सिंह एवं राकेश अग्निहोत्री प्रशासनिक अधिकारी एवं सुरेन्द्र सिंह मानोचिकित्सक सामाजिक न्याय विभाग पन्ना उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। प्राचार्य महोदय ने अपने संबोधन में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण, समावेशी शिक्षा तथा समाज में उनकी गरिमामयी भागीदारी की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्बोधन में बताया गया कि विश्व दिव्यांगजन दिवस के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम के संबंध में दिव्यांग बच्चों के लिए जिले में जिस किसी भी आवश्यकता वस्तु या सामग्री की आवश्यकता होगी उसको हम उपलब्ध कराएंगे एवं दिव्यांगों का जीवन सरल बनाने के लिए हर प्रयास करेंगे।

खेलकूद प्रतियोगिता

चेयर रेस, में रवि अहिरवार द्वितीय ओमप्रकाश लोध एवं तृतीय नीरज खटीक ने स्थान पप्राप्त,सीनियर जलेबी कूंद में प्रथम संजू पटेल, द्वितीय दीपेन्द्र पटेल एवं तृतीय मोहित सोनी ने स्थान प्राप्त, जूनियर जलेबी कूंद में प्रथम उमंग द्वितीय धनवीर और तृतीय विकास, दौड़, प्रथम मोहित सिंह द्वितीय आदित्य तृतीय संजू पटेल ने एवं नीबू दौड़ प्रथम स्थान अमरजीत कुशवाहा द्वितीय महेंद्र एवं तृतीय अरुणपाल यादव ने स्थान प्राप्त किए आदि मनोरंजक खेलों में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दिव्यांग विद्यार्थियों, प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र एवं पुरुष्कार समग्री सहित कार्यक्रम में शामिल समस्त विद्यार्थियो को ऊनी वस्त्र वितरण किए गए एवं सहयोगी शिक्षकों ,स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया।

22 को रामेश्वरम-मदुरई रवाना होंगे तीर्थ यात्री

पन्ना 3 दिसंबर। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत पन्ना जिले के 60 वर्ष अथवा अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा के लिए आगामी 7 दिसम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। योजना के तहत महिलाओं को आयु सीमा में दो वर्ष की छूट प्रदान की गई है। आयकर अदा नहीं करने वाले वरिष्ठ नागरिक आवेदन के लिए पात्र हैं। इस संबंध में समस्त तहसीलदार को निर्देशित किया गया है कि तीर्थ यात्रा के इच्छुक व्यक्तियों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित कर निर्धारित अवधि के पूर्व कलेक्टर कार्यालय की धर्मस्व शाखा में उपलब्ध कराएं, जिससे समय सीमा में वांछित कार्यवाही पूर्ण की जा सके। खजुराहो रेल्वे स्टेशन से तीर्थ यात्रियों को रामेश्वरम-मदुरई की तीर्थ यात्रा के लिए रवाना किया जाएगा। यात्रा की अवधि 22 से 28 दिसम्बर तक निर्धारित है। जिले के लिए 250 बर्थ का आवंटन किया गया है।

आईपीएल ऑनलाइन सट्टा प्रकरण का मुख्य सरगना दतिया से गिरफ्तार, 1 करोड़ के वर्चुअल क्वाइन जब्त

नवभारत न्यूज

पन्ना 3 दिसंबर। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में ऑनलाइन सट्टेबाजी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पन्ना पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

इस प्रकरण में पूर्व में पन्ना पुलिस द्वारा विशेष टीम गठित कर 09 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई थी, जिनके कब्जे से करीबन 01 करोड़ लाख वर्चुअल क्वाइन (01 क्वाइन कीमती 01 ?), मोबाइल फोन एवं सट्टेबाजी से संबंधित डिजिटल साक्ष्य जब्त किए गए थे। उस समय मामले का मुख्य सरगना दीपेन्द्र उर्फ़ दीपू गुप्ता (दतिया) फरार चल रहा था, जिसकी तलाश सतत रूप से की जा रही थी। अजयगढ़ पुलिस एवं साइबर सेल पन्ना की संयुक्त टीम द्वारा की गई गुप्त एवं तकनीकी कार्यवाही के परिणामस्वरूप मुख्य सरगना दीपेन्द्र उर्फ़ दीपू गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को आवश्यक विधिक कार्रवाई पश्चात न्यायालय पन्ना में पेश किया गया। ऑनलाइन सट्टेबाजी के इस संगठित नेटवर्क में मुख्य सरगना की भूमिका केंद्रीय पाई गई थी, जो विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफार्मों पर वर्चुअल कॉइन एवं डिजिटल माध्यमों का उपयोग करके सट्टा संचालन कर रहा था। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी अजयगढ़ बखत सिंह ठाकुर, सउनि रामकृष्ण पाण्डेय, आर. अमित द्वेदी एवं सायबर सेल टीम पन्ना का सराहनीय योगदान रहा।

सिंहपुर में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

पन्ना 3 दिसंबर। प्रधान न्यायधीश कुटुम्ब न्यायालय रूपेश शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़ की उपस्थिति में गत मंगलवार को शासकीय उ.मा. विद्यालय सिंहपुर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

इस मौके पर प्रधान न्यायाधीश ने विद्यार्थियों को विभिन्न विधिक प्रावधानों सहित संवैधानिक मूल्यों, अधिकार एवं कर्त्तव्यों की जानकारी प्रदान की। प्रभावी विधियों सहित साइबर क्राइम एवं इससे बचाव के तरीके के बारे में भी अवगत कराया। सभी विद्यार्थियों को तकनीक अथवा सोशल मीडिया के उपयोग के दौरान सावधानी व सतर्कता बरतने की सलाह दी गई। इस दौरान बताया गया कि तकनीकी के उपयोग में यह ध्यान रखना चाहिए कि हमारी निजता व जरूरी व्यक्तिगत जानकारी का गलत कार्यों में उपयोग न हो। विद्यार्थियों को ज्ञान स्तर में बढ़ोत्तरी तथा जीवन को सरल बनाने के उद्देश्य से ही मोबाइल के उपयोग की सलाह दी गई। प्राधिकरण के सचिव ने विद्यार्थियों को एकाग्रता के साथ अध्ययन और लक्ष्य निर्धारित कर बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरित किया। शिविर के जरिए प्राप्त महत्वपूर्ण कानूनी जानकारियों को निकट संबंधी और आस-पास के लोगों तक प्रचार-प्रसार एवं मदद की अपील भी की गई। इसके अलावा निर्धन और असहाय व्यक्तियों को कानूनी सहायता के लिए तत्काल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तक पहुंचाने के प्रयास की बात भी कही। जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन ने राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं, नि:शुल्क विधिक सहायता एवं सलाह, लोक अदालत व मध्यस्थता के लाभ की जानकारी दी। विद्यार्थियों को आपराधिक गतिविधियों में शामिल नहीं होने की समझाईश भी दी गई। समापन पर शिक्षक अंबिका प्रसाद द्विवेदी ने आभार व्यक्त कर शिविर के माध्यम से मिली जानकारी को अमल में लाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक और विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

अनक्लेम्ड जमा राशि के निराकरण के लिए बैठक कल

पन्ना 3 दिसंबर। भारतीय स्टेट बैंक अग्रणी बैंक कार्यालय पन्ना द्वारा शुक्रवार, 5 दिसम्बर को जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत सीईओ की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया है। इसमें राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के निर्देशानुसार वित्तीय क्षेत्र में अन्क्लेम्ड एसेट्स के सुगम और त्वरित निराकरण के लिए दिसम्बर माह तक संचालित अभियान के बारे में अवगत कराया जाएगा। साथ ही जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता निधि में गैर दावा जमा राशि के संबंध में निराकरण के लिए महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की जाएगी। बैठक का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित है। अग्रणी बैंक प्रबंधक शमा बानो द्वारा बैठक में सर्वसंबंधितों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

बीएलओ जयपाल सिंह निलंबित

नवभारत न्यूज

पन्ना 3 दिसंबर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऊषा परमार ने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र पन्ना के प्रतिवेदन पर शासकीय माध्यमिक शाला उमरी में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 303 उमरी के बीएलओ जयपाल सिंह को एसआईआर कार्य में लापरवाही बरतने पर निलंबित किया है।

निलंबन अवधि में बीएलओ का मुख्यालय संकुल प्राचार्य कार्यालय शासकीय बालक उ.मा. विद्यालय अमानगंज निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में इन्हें जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा। उल्लेखनीय है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में बीएलओ द्वारा 1241 के विरूद्ध 1180 मतदाताओं के गणना पत्रक ही अब तक डिजिटाईज किए गए। गत 2 दिसम्बर की समीक्षा बैठक में बीएलओ जयपाल सिंह ने ग्रुप एवं दूरभाष के माध्यम से सूचना के बावजूद बैठक में उपस्थिति दर्ज नहीं कराई।

दूरभाष पर संपर्क करने पर संबंधित द्वारा फोन बंद कर लिया गया। इसके अलावा बीएलओ सुपरवाईजर के निर्देश के वाबजूद भी बीएलओ ने निर्वाचन के महत्वपूर्ण कार्य में रूचि नहीं ली। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उक्त कृत्य अनुशासनहीनता का द्योतक पाए जाने पर म.प्र. सिविल सेवा नियम के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्यवाही की गई है।

टीव्हीएस एजेंसी ने तकिए और चादरें अस्पताल को भेंट की

नवभारत न्यूज

देवेंद्रनगर/पन्ना 3 दिसंबर। समाज सेवा की मिसाल पेश करते हुए पारस टीवीएस कंपनी देवेंद्रनगर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) देवेंद्रनगर में भर्ती मरीजों के लिए 10 तकिए और 30 चादरों का दान किया।

इस अवसर पर सीबीएमओ डॉ. अभिषेक जैन ने पारस टीवीएस की ओर से अतुल परमार और सानू जैन उपस्थित रहे। उन्होंने कहा मरीजों की सेवा ही सच्चा धर्म है यदि हम अपने आसपास के जरूरतमंदों की मदद कर सकें तो यही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि होगी। यह पहल न केवल एक संवेदनशील सामाजिक योगदान है बल्कि समाज के अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी उम्मीद है कि भविष्य में भी ऐसे सहयोगात्मक प्रयास निरंतर होते रहेंगे। दान कार्यक्रम के दौरान सीएचसी का समस्त स्टाफ एवं सेवानिवृत्त ट्रेसर देशराज शर्मा भी उपस्थित रहे।

आपकी पूंजी आपका अधिकार कैम्प कल

पन्ना 3 दिसंबर। लीड बैंक कार्यालय पन्ना द्वारा जिला पंचायत पन्ना के सभागार में शुक्रवार, 5 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आपकी पूंजी आपका अधिकार कैम्प आयोजित किया जाएगा। शिविर में समस्त बैंकर्स एवं एलआईसी के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। स्वयं अथवा परिवार के किसी सदस्य का बैंक खाता 10 वर्ष से अधिक समय से निष्क्रिय होने पर खाते में जमा धन राशि आरबीआई के जमाकर्ता शिक्षण और जागरूकता निधि में हो सकती है।

राजस्व एवं रेलवे के अधिकारी समन्वय से कार्य कर प्रगति लाएं : सुचारी

नवभारत न्यूज

पन्ना 3 दिसंबर। कमिश्नर अनिल सुचारी ने बुधवार को सागर संभाग अंतर्गत निर्माणाधीन रेल परियोजना के विभिन्न कार्यों सहित खजुराहो-पन्ना खंड में निर्माणाधीन नई ब्रॉड गेज रेल लाइन के प्रगति की ऑनलाइन मासिक समन्वय बैठक में समीक्षा की।

इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर ऊषा परमार, अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे एवं एसडीएम संजय कुमार नागवंशी भी उपस्थित थे। संभाग आयुक्त श्री सुचारी ने समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी कार्य तय समय सीमा में पूर्ण करें। जहां भी पुलिस की आवश्यकता हो, पुलिस को पहले से सूचना दें एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस दौरान पन्ना जिले की अजयगढ़ तहसील के विभिन्न ग्राम, जो परियोजना के अंतर्गत आ रहे हैं, उनकी भू-अर्जन के कार्यों में धारा 11, धारा 19, धारा 21 की कार्रवाई शीघ्रता से करने एवं अवॉर्ड पारित कराकर रेलवे को कब्ज़ा प्रदान करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सभी भू-अर्जन होने के बाद नामांतरण, बंटवारा का कार्य समय-सीमा में करें एवं संबंधित भूमि के नक्शे में रेलवे के पक्ष में चिन्हांकित करें। रेलवे अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा जो जमीन खाली कराई जा रही है, उस पर तत्काल कार्य शुरू करें। साथ ही राजस्व एवं रेलवे अधिकारी समन्वय से कार्य कर प्रगति लाएं। वर्चुअल बैठक में सतना-पन्ना रेल खण्ड के पूर्ण कार्यों की जानकारी भी ली गई।

एचडीएफसी बैंक ने फिर लगाया रक्तदान शिविर

नवभारत न्यूज

देवेंद्रनगर/पन्ना 3 दिसंबर । पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी एचडीएफसी बैंक देवेंद्रनगर शाखा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

पन्ना से स्वचालित मोबाइल ब्लड कलेक्शन वाहन पहुंचने से पूरा आयोजन सुचारु रूप से सम्पन्न हुआ। इस बार कुल 5 लोगों ने आगे बढ़कर रक्तदान किया। इनमें अंशुल जैन, शशांक, बिलथरिया, सत्याम शिवहरे, अनुज सिंह, आयुष मिश्रा और दिलीप सिसौदिया शामिल रहे। युवाओं ने समाज के प्रति सराहनीय जिम्मेदारी का संदेश दिया। एचडीएफसी बैंक देवेंद्रनगर शाखा के सभी कर्मचारियों ने शिविर के सफल संचालन में सक्रिय योगदान दिया, जिससे पिछले वर्ष शुरू हुई यह सकारात्मक परंपरा इस बार भी प्रभावी रूप से जारी रही।

आंगनबाड़ी सहायिका पद की अनंतिम चयन सूची जारी

पन्ना 3 दिसंबर। एकीकृत बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय शाहनगर द्वारा विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनबाड़ी सहायिका की पद पूर्ति के लिए अनंतिम चयन सूची का प्रकाशन किया गया है। सूची के संबंध में एमपी ऑनलाइन चयन पोर्टल के माध्यम से आगामी 5 दिसम्बर तक दावा-आपत्ति दर्ज कराई जा सकती हैं। आंगनबाड़ी केन्द्र शाहनगर में सहायिका के रिक्त पद पर प्रधि तिवारी का अनंतिम रूप से चयन हुआ है।

चार दिसंबर से प्रारंभ होगा तीन दिवसीय नृत्य नाट्य प्रस्तुति समारोह

नवभारत न्यूज

पवई 3 दिसम्बर। जनजातीय लोककला एवं बोली विकास अकैडमी मध्य प्रदेश संस्कृत परिषद एवं मध्य प्रदेश शासन के द्वारा गौंड जनजातीय समुदाय के चरित्र एवं ऐतिहासिक जननायकों पर केंद्रित जननायक गौंड इतिहास का नृत्य नाटक प्रस्तुति समारोह का तीन दिवसीय आयोजन आगामी 4 दिसंबर से 6 दिसंबर तक पवई के महाराजा छत्रसाल मैदान में आयोजित हो रहा है। जिसके लिए तैयारियों का दौर जारी है। इस कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत परिक्षेत्र अंतर्गत किया जा रहा है कार्यक्रम का समय शाम 6 बजे से 9 बजे तक रहेगा। कार्यक्रम को लेकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी अखिलेश उपाध्याय ने क्या कुछ कहा लिए सुनते हैं।

सर्व ब्राह्मण समाज पवई ने राज्यपाल के नाम एसडीएम को दिया ज्ञापन

आईएएस अधिकारी सन्तोष वर्मा के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग

नवभारत न्यूज

पवई (निप्र) 3 दिसम्बर- विगत दिनों मध्य प्रदेश के एक आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा ने आरक्षण को लेकर ब्राह्मण समाज के लिए आपत्तिजनक भाषा वक्तव्य को लेकर 3 दिसंबर 2025 बुधवार को ब्राह्मण समाज के अधिवक्ताओं एवं अन्य ब्राह्मण नगरकों के द्वारा राज्यपाल के नाम से एसडीएम पवई को ज्ञापन सौंप कर मांग की गई है।

बिगत दोनों आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के द्वारा ब्राह्मण समाज का अपमान किया गया है ।सामाजिक रूप से हम सभी ब्राह्मण अपने आप को बहुत अपमानित महसूस हो रहा है । जिसके विरुद्ध विभिन्न धाराओं में आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जाये ज्ञापन सौंपने वालों में एडवोकेट राजेश कुमार नगायच अध्यक्ष अधिवक्ता संघ पवई , वरिष्ठ अधिवक्ता पुष्पेंद्र कुमार लटौरिया , धीरेंद्र कुमार लटौरिया , हेतराम शर्मा , बृजेश कुमार त्रिपाठी , अरविंद कुमार नगायच , गोविंद नारायण सिंह , रामायण सिंह , महेंद्र कुमार नगायच राजा , अध्याय नाथ त्रिपाठी , अजय कुमार पाठक , कालीचरण मिश्रा चुक्कू महाराज सहित 50 ब्राह्मण समाज के गणमान्य नागरिक ज्ञापन सौंपनें हेतु उपस्थित रहे

पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में एक दिवसीय एड्स जागरुकता कार्यशाला आयोजित

नवभारत न्यूज

पन्ना 3 दिसंबर। कलेक्टर, जिला पन्ना से प्राप्त निर्देश के परिपालन में जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, पन्ना के सहयोग से एड्स जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में एक दिवसीय एड्स जागरूकता कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य अरविंद कुमार त्रिपाठी द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ की गई। इसके उपरांत अपने संबोधन में उन्होंने छात्र-छात्राओं को अच्छे स्वास्थ्य का महत्व बताते हुये स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता कार्यक्रमों में भाग लेने तथा समाज में जागरूकता फैलाने हेतु प्रेरित किया। उक्त कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष उत्कर्ष कुमार श्रीवास्तव ने एड्स से बचाव ही सुरक्षा विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को

एड्स के कारण, लक्षण एवं इससे बचाव के व्यवहारिक उपायों की जानकारी दी। जिला चिकित्सा विभाग से पधारे अशोक कुशवाहा, परामर्शदाता ओएसटी सेंटर ने एड्स विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। उन्होंने एचआईवी संक्रमण के तरीकों, इससे जुड़ी भ्रांतियों, रोकथाम के उपायों तथा सरकारी योजनाओं के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया, इनके साथ पधारे अखिषेक श्रीवास, परामर्शदाता डीएसआरसी ने एचआईवी एड्स के मानव स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव के बारे में बताते हुये बरतने वाली आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन संस्था के अतिथि व्याख्याता अंशुमान रेले द्वारा किया गया। उक्त कार्यशाला में महाविद्यालय की कम्प्युटर साइन्स व्याख्याता श्रीमति वर्षा प्रजापति के साथ राकेश द्विवेदी, देवब्रत चतुर्वेदी, हरीश पाठक, एवं अतिथि व्याख्याता श्रीमती मोनिका गुप्ता, श्रीमति शायना परवीन, श्रीमति नीलोफर जहाँ, श्रीमति पूजा खरे, सुश्री यश्वरी अहिरवार, श्री कौशल कुमार कोरी, हरगोविंद कुर्मी, अमित ताम्रकार, संतोष साहू, सुभाष पांडे तथा छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित इस महत्वपूर्ण पहल की सराहना की।